NEWS18 हिंदी

# नकली जीरा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, 100 क्विंटल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



नकली जीरा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, 100 क्विंटल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

## सिरोही जिले के रोहिड़ा थाना क्षेत्र के भीमाणा हाईवे पर स्थित एक निजी फैक्ट्री पर पुलिस ने दबिश दी.



NEWS18 RAJASTHAN LAST UPDATED: APRIL 16, 2019, 12:34 PM IST

राजस्थान के सिरोही जिले के रोहिड़ा थाना क्षेत्र के भीमाणा हाईवे पर स्थित एक निजी **फैक्ट्री** पर पुलिस ने दबिश दी, जहां पांच सौ क्विंटल **नकली** जीरा बरामद कर एक आरोपी को हिरासत में लिया, जहां पर दो ट्रकों में नकली जीरे की बोरियां भरी हुई थी, जबकि मौके पर भारी मात्रा में भूसा भी मिला है. फिलहाल मामले की जानकारी खाद्य विभाग को सूचना दे दी है, जिसके बाद सूचना मिलने पर खाद्य व चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा नकली जीरे के **सैंपल** लिए.

जानकारी के मुताबिक सिरोही पुलिस अधीक्षक कल्याणमल मीणा ने बताया कि भीमाणा हाईवे पर मौजूद हरीसिंह के कुएं पर एक निजी फैक्ट्री संचालित थी, जिसमें करीब एक साल से नकली जीरा बनाकर गुजरात की मंडियों में बेचा जा रहा था. नकली जीरा बनाने की सूचना पर माउंट आबू पुलिस उपाधीक्षक प्रवीन सैन, सदर थानाधिकारी हंसाराम सीरवी व रोहिड़ा थानाधिकारी भगवत सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और नकली जीरा बनाने की फ्रैक्ट्री पर दबिश दी, जहां नकली जीरा जंगली घांस-भूसी एवं गुड़ का बांस एवं अन्य पदार्थों द्वारा तैयार किया जा रहा था.

पुलिस के मुताबिक ये जीरा कंपनी उत्तरप्रदेश के जलालाबाद जिले के शाहजहांपुर निवासी संजय की है. पुलिस द्वारा पूछताछ में फैक्ट्री मालिक ने बताया कि वह करीब एक साल से नकली जीरा बनाने का काम कर रहा था, जिसे एमके ट्रांसपोर्ट आबूरोड के मालिक से गलत बिल्टी बनाकर गुजरात के कई व्यापारियों को जीरा बेचा जाता था.

फैक्ट्री मालिक ने पुलिस को बताया कि इससे पहले वह उत्तरप्रदेश के जलालाबाद में नकली जीरा बनाने की फ्रैक्ट्री चलाई थी. वहीं नकली जीरा बनाने के खिलाफ कार्रवाई के बाद सिरोही पुलिस अधीक्षक कल्याणमल मीणा मौके पर पहुंचे जहां मामले की जानकारी लेकर खाद्य विभाग को सूचना दी. सूचना पर खाद्य व चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा नकली जीरे के सैंपल लिए.

( सिरोही से शरद की रिपोर्ट )

Source: https://hindi.news18.com/news/rajasthan/sirohi-busted-factory-of-cumin-seed-in-sirohi-hydak-1875202.html